was not found to be feasible as provision of intermediate terminal would erode the line capacity of the section thus reducing the overall capacity for train running. Similarly provision of stoppage of Pune and Bhusaval passenger trains at Dombivali was not considered desirable as this would hinder the capacity for moving trains including goods trains on this busy suburban section.

### Shifting of Health Centre run by M.C.D.

4339. SHRI MOOL CHAND DAGA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a Health Centre was being run by the MCD in J-426 and J-430 Kasturba Nagar, New Delhi for the last fifteen years;

(b) whether it is also a fact that the Centre has been shifted to the Defence Colony and 20,000 Government employees have been deprived of this facility which they were enjoying for the last 15 years; and

(c) whether Government propose to restore this facility and if so, when and if not, why not?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI NIHAR RANJAN LASKAR): (a) Yes.

(b) Yes, but the concerned Government employees have not been deprived of this facility, as the present site is just across the road and less than a kilo-metre from the old site.

(c) Question of restoring this facility does not arise as no facility has been taken away.

### अजमेर में लोकोगेट पर धरना

4340. आचार्य भगवान देव : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अजमेर में पश्चिम रेलवे मजदूर यूनियन के तत्वावधान में रेल कर्मचारियों ने मांगों को ले कर लोकोगेट पर प्रदर्शन किया और धरना दिया; और

(ख) क्या सरकार ने उनकी मांगों पर विचार किया है और क्या कर्मचारियों के साथ कोई समझौता हो गया है ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री श्री मल्लिकार्जुन): (क) 1980 के दौरान पश्चिम रेलवे श्रमिक संगठन द्वारा अजमेर लोकोगेट पर कोई प्रदर्शन या धरना आयोजित नहीं किया गया और न ही उन्होंने किसी प्रकार की मांगों का कोई ज्ञापन दिया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

### Yardmen of Bombay Central Terminus

4341. SHRI G. M. BANATWALLA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the yardmen of the Bombay Central Terminus went on strike recently;

(b) if so, the causes of strike; and

(c) the demands of the yardmen and Government reaction thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No.

(b) and (c). Do not arise.

### North and South Avenue Canteens

4342. SHRI T. M. SAWANT: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Northern Railway administration has taken over the catering of canteens of North and South Avenue, New Delhi;

(b) if so, the number of employees newly recruited for these canteens;

(c) how many of them belong to Scheduled Castes and Scheduled Tribes communities;

(d) whether these employees have been recruited through employment exchange;

(e) whether any qualification was prescribed for this recruitment through any notification; and

(f) if the recruitment is not through employment exchange, what are the specific sources of recruitment?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS AND IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) Yes.

(b) Forty four persons have been recruited from the open market purely on an ad hoc basis and as a stop-gap arrangement.

(c) 7.

(d) and (e). No.

(f) Since the canteens had to be activated at short notice and prior to the commencement of the Parliament session, recruitment was made from the open market, purely on an ad hoc basis as a stop-gap arrangement only. Regular recruitment will be made after the necessary posts are sanctioned.

**रेलवे बोर्ड में सदस्य वित्त तथा सदस्य यांत्रिकी के रिक्त पद**

4343. श्री विलास मुत्तेमवार :
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि रेलवे बोर्ड में सदस्य वित्त तथा सदस्य यांत्रिकी के दो पदों को कब तक भर लिया जाएगा ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय-कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : यांत्रिक सदस्य, रेलवे बोर्ड का पद 17-11-1980 से भर दिया गया है जब कि वित्त आयुक्त, रेलवे का पद शीघ्र भरे जाने की संभावना है ।

**रेडक्रास सोसाइटी के दिल्ली डिपो में रखा गया खराब हो गया दुग्ध चूर्ण**

4344. श्री निहाल सिंह : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के दिल्ली डिपो में रखा गया करीब तीन हजार बोरी दुग्ध चूर्ण इस्तेमाल न किए जाने के कारण खराब हो गया था और क्या उसमें से करीब 800 बोरियां बिराटी गोदाम, कलकत्ता को जुलाई, 1980 में रेल द्वारा मुफ्त भेज दी गई थी; तथा शेष बोरियां बाद में भेजी गई थीं; और

(ख) यदि हां, तो यह दुग्ध चूर्ण कब तथा किस देश से आयात किया गया था तथा कितने मूल्य का था और इसे किस काम में लाया जाएगा ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री नीहार रंजन लस्कर) : (क) रेडक्रास के पास पड़े दुग्ध पाउडर का कोई स्टाक नष्ट नहीं हुआ है । वैसे बम्बई पत्तन पर उपहार स्वरूप प्राप्त हुए दुग्ध पाउडर के 10,000 बोरों में से 2925 बोरे क्षतिग्रस्त हालत में थे । विधिवत् बीमा सर्वेक्षण कर लिये जाने के बाद इस क्षतिग्रस्त स्टाक को पश्चिम बंगाल सरकार को उन के पशु पालन विभाग द्वारा पशुओं/मुर्गियों के चारे के रूप में इस्तेमाल किये जाने के लिये कलकत्ता भेज दिया गया ।

(ख) यह खेप यूरोपियन आर्थिक समुदाय से प्राप्त हुई थी । यह अन्टवेर्प पत्तन पर लादी गई थी तथा यह एक उपहार स्वरूप खेप थी ।